>

Title: Increase in infant mortality rate due to malnutrition in the country.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): अध्यक्ष महोदया, केन्द्र सरकार ने बिहार में 65 लाख बीपीएल परिवारों का निर्धारण किया है जब कि वास्तव में वहां डेढ़ करोड़ बीपीएल परिवार हैं जिसकी सूची राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार को सौंप दी है। इसलिये 65 लाख और डेढ़ करोड़ के बीच के लोगों को बीपीएल स्कीम के अंतर्गत अनाज वगैरह नहीं मिल पा रहा है। इसके कारण उनके बच्चे कुपोषण का शिकार हो जाते हैं और बचपन में ही कुपोषण की गंभीर समस्या से ग्रसित होकर मर जाते हैं। कुपोषण के कारण शिशु मृत्यु दर में इजाफा हो रहा है और बच्चे रोग ग्रसित हो रहे हैं। इसके कारण उनका शारीरिक और मानसिक विकास भी रूक जाता है।

मैं इस सम्मानित सदन के माध्यम से यह मांग करता हूं कि केंद्र सरकार बिहार राज्य के डेढ़ करोड़ परिवारों को बीपीएल करार देकर इस गंभीर समस्या से थोड़ा निजात दिलाये। अभी बीपीएल में जो अनाज बंट रहा है, उसमें इजाफा करे। यही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

अध्यक्ष महोदया : श्रीमती जयश्रीबेन पटेल।

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): महोदया, हम इनकी बात से अपने को एसोसिएट करते हैं। बिहार में बीपीएल सूची की वजह से बहुत अन्याय हो रहा है।**...**(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है। श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन और

श्री कीर्ति आज़ाद अपने आपको श्री कौशलेन्द्र कुमार जी से सम्बद्ध करते हैं। अब आप जयश्रीबेन पटेल जी को बोलने दीजिए।